गोलालारीय समाज का मुखपत्र

golalariya.darshan@gmail.com
गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है –
www.golalariya.com
9406744064

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/IDC/1252/2018-2020

मासिक
गोलालारीय दर्शन

अपनों के साथ अपनी बातें

लेट पोस्टिंग

सेवा में,

प्रतिभाशाली विशेषांक

जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं । हृदय नहीं वह पत्थर है, जिसको समाज से प्यार नहीं ।

वर्ष : 9 अंक : 9 पृष्ठ संख्या : 8 माह – 15 जुलाई 2018 सहयोग राशी 1100/– देकर सदस्य बनें ।

हमें इन पर गर्व है इन्होंने परिवार व समाज का मान बढ़ाया

क्षितिज जैन, नोएडा
समता–आशीष जैन
12th - 96.6%
CBSE- Commerce

अर्पिता जैन, इन्दौर
अल्पना–पवनकुमार जैन
12th - 92.8%
CBSE - BIO

आरुषी जैन, विदिशा
शशि–विक्रम जैन
12th - 91.2%
Board - PCM

लय जैन, ललितपुर
अनिल कुमार जैन
JEE Advance
9th All India Rank

मयंक जैन, इन्दौर
आशा–विजय जैन
Salt Lake City (USA)
M.S. in Information System

प्रतिभाशाली बच्चों और उनके परिवार को गौरवांवित करने के उद्देश्य से गोलालारीय दर्शन प्रत्येक वर्ष मेघावी विद्यार्थियों की उपलब्धि का सचित्र प्रकाशन करता आया है। बच्चे हमारे परिवार व समाज का भविष्य है उनकी उपलब्धियों व प्रतिभा को पहचान दिलाने के लिए हमारा यह प्रयास सतत जारी रहेगा । हम प्रयासरत है कि समाज की प्रतिभाओं का यथोचित सम्मान हो । संपूर्ण समाज के सम्मुख उनकी उपलब्धियों को रख सके ताकि समाज के अन्य विद्यार्थी भी मार्गदर्शन प्राप्त कर नए आयाम बना सके ।

हमारे परिवार के बच्चों ने चाहे शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त की हो चाहे खेल, कला, लेखन व अन्य विधाओं में विशेष स्थान बनाया है । हमारा प्रयास रहेगा कि उनकी उपलब्धि को संपूर्ण समाज के सम्मुख रख गौरवांवित करना हमारा नैतिक दायित्व है हमें इस प्रयास से उनका मनोबल तो बढ़ेगा ही साथ ही भविष्य में नई ऊंचाईयां हासिल करने की भावना बनी रहेगी । हमारा प्रयास तभी सार्थक हो पायेगा जब बच्चों के सभी परिवारजन इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता देवें उन्हें अपने प्रतिभाशाली बच्चों की जानकारी समय पर देना अति आवश्यक है ।

बच्चों की उपलब्धि से हमारे परिवार में खुशी के जो पल हमारे जीवन में आये है उन्हें अपने रिश्तेदारों तक शहर शहर पहुंचाने का काम यह पत्रिका निभा रही है । खुशी देने वाले ये पल जिन्हें याद कर हमें अपने बच्चों और परिवार पर जो गर्व होता है वह संपूर्ण जीवन का अस्मरणीय पल है जिसे एक दस्तावेज के रुप में आपके साथ रखने की हमारी मंशा है जिसे आप आजीवन अपने मन में संजोए रखेंगे । बच्चों के गुणों को समाज के सम्मुख लाने का प्रयास कुछ जागरुक माता पिता ही कर पाते है जो समय पर अपने बच्चों की उपलब्धि को पत्रिका तक समय रहते भेज देते है किन्तु अधिकांश इस और ध्यान ही नहीं देते है बारम्बार सूचना प्रेषित करने पर भी वे अपने बच्चों की उपलब्धियों को समाज के सामने रखने का समय ही नहीं निकाल पाते है ।

यह अंक उन मेघावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों से सराबोर है जिन्होंने अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर परिवार को गौरवांवित होने का अवसर प्रदान किया है । गोलालारीय दर्शन परिवार की ओर से सभी को कोटिश: शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करता है ।

– साधना जैन, आकाशवाणी, भोपाल

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम आशीर्वाद और मुनिश्री क्षमासागरजी महाराज की प्रेरणा से आयोजित जैन युवा प्रतिभा सम्मान - 2018

आवेदन आमंत्रित है.... मैत्री समूह प्रतिवर्ष समूचे भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने वाले जैन छात्र–छात्राओं को **''यंग जैना अवार्ड''** से सम्मानित करता है । वर्ष 2018 में 10वीं में 85%, 12वीं में विज्ञान संकाय में 80%, वाणिज्य, कला संकाय में 75% या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा अथवा प्रशासनिक सेवा में चयनित जैन छात्र–छात्राओं के आवेदन आमंत्रित है । अपना आवेदन फार्म 31 जुलाई 2018 के पूर्व **www.MaitreeSamooh.com** पर ऑनलाइन भर सकते है । खेलों में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले, विकलांग या अपने राज्य में मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं के लिए निर्धारित अंक सीमा की बाध्यता नहीं रहेगी । आवेदन फार्म की लिंक https://tinyurl.com/yja2018

आवेदन संबंधित पूछताछ 09425424985, 08897743363, 08983694093, 09773536530 मैत्री समूह 07694005092, 09425424984 आपसे निवेदन है कि इस संदेश को अपने व्यक्तिगत संर्पकों एवं जैन समूहों में प्रेषित करें जिससे सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी मिल जाये और वे आवेदन कर सकें ।

प्रारुप की फोटोकॉपी भी मान्य है ।

बायोडॉटा प्रारुप - 2018

प्रविष्टी शुल्क का विवरण अवश्य लिखें
नियमावली पीछे अंकित है ।

1. क्रमांक
2. प्रत्याशी का पूरा नाम (पिता सहित) ______
3. स्वयं / मामा का गोत्र ______ / ______
4. जन्म दिनांक ______
5. जन्म समय (रेलवे समयानुसार) ______
6. जन्म स्थान ______
7. शिक्षा ______
8. कद / वजन ☐ फीट ☐ इंच / ☐ किलो
9. वर्ण ______
10. व्यवसाय / नौकरी ______
11. वार्षिक आय ______
12. कुंडली मिलान – हॉ ( ) / नहीं ( )
13. मंगली – हॉ ( ) / नहीं ( )
14. पत्र व्यवहार का पता ______
15. फोन / मोबाईल नं. ______
16. संपर्क सूत्र (सिर्फ 1) ______

फोटो के पीछे अपना नाम व शहर का नाम अवश्य लिखे

प्रत्याशी का नवीन फोटो प्लास्टिक की थैली फार्म के साथ संलग्न करें ।